राज्यपालीय आपदा उद्घोषणा (ग्युबरनेटोरियल डिज़ास्टर प्रोक्लेमेशन)

जबकि, 29 जून, 2023 से शुरू होकर 4 जुलाई, 2023 तक जारी रहे, गंभीर तूफ़ान के कई दौर इलिनॉय में आए, जिससे भारी बारिश हुई, अचानक बाढ़ आई, ओलावृष्टि हुई, बवंडर आए और सीधी तेज हवा चली, जिनसे जीवन को खतरा हुआ और व्यापक क्षति हुई और सार्वजनिक और निजी परिसंपत्तियों की बर्बादी हुई; और,

जबकि, 29 जून को, सेंट्रल इलिनॉय में एक डेरेचो आया जिसके साथ हानिकारक सीधी हवा चली और परिणामस्वरूप पांच (5) बवंडर आने की पुष्टि हुई, साथ ही कई काउंटियों में 100 मील प्रति घंटे से अधिक वेग से चली; और,

जबकि, बवंडर और सीधी-रेखा वाली हवाओं के परिणामस्वरूप बड़े मलबे के मैदान बन गए, जिससे घर के मालिक, व्यवसाय, उपयोगिताएँ और स्थानीय सरकारें प्रभावित हुईं; और,

जबकि, बड़ी संख्या में पेड़, पेड़ की शाखा और बिजली के खंभों के गिरने के कारण, घरों और व्यवसायों को आपूर्त की जाने वाली बिजली में व्यापक कटौती की गई; और,

जबकि, 30 जून को, दक्षिण-पश्चिम इलिनॉय में भीषण तूफान की दूसरी लहर के कारण हानिकारक हवा चली, ओलावृष्टि और बारिश हुई, जिसके परिणामस्वरूप व्यापारिक बिजली आपूर्ति में अतिरिक्त कटौती की गई और कई काउंटियों में बड़ी मात्रा में मलबा जमा हो गया; और,

जबकि, 2 जुलाई को, गंभीर तूफानों के एक तीसरे सेट से काफी कम समय में भारी बारिश हुई, जिसमें स्थानीय स्तर पर कुल आठ (8) इंच से अधिक मात्रा वाली बारिश शामिल थी, इसके कारण शिकागो क्षेत्र और उसके आसपास अचानक बाढ़ आ गई, जिसमें ऑस्टिन शहर के पश्चिमी भाग और अन्य सामुदायिक क्षेत्र शामिल हैं; और,

जबकि, 2 जुलाई के तूफान ने भी कई पेड़ों को गिरा दिया और उत्तरी इलिनॉय में व्यापक बिजली कटौती का कारण बना;

जबकि, इस अवधि में आए तूफानों से सड़कों पर अचानक आई बाढ़ और जमस हुण् मलबे के कारण परिवहन में भी व्यवधान पैदा हुआ; और,

जबकि, इस पूरी अवधि में भीषण तूफान के आते रहने से प्रभावित क्षेत्रों में और अधिक मात्रा में सार्वजनिक और निजी संपत्ति क्षतिग्रस्त हुई और प्रभावी प्रत्युत्तर और रिकवरी के कार्य करने में पिछले तूफानों से प्रभावित क्षेत्रों की क्षमता में व्यवधान उत्पन्न हुआ; और,

जबकि, इन तूफानों के दौरान और उसके बाद की भी पूरी अवधि में उच्च तापमान और आर्द्रता के कारण आम लोगों को गर्मी से संबंधित स्वास्थ्य समस्या से बचाने के लिए आश्रयों और सार्वजनिक स्थानों को खोलने की आवश्यकता हुई; और,

जबकि, इन तूफानों के परिणामस्वरूप, महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को क्षति पहुंची और इलिनॉय के आम लोगों पर मंडराते खतरे के कारण, लोगों के स्वास्थ्य, सुरक्षा और कल्याण के लिए असाधारण उपायों की आवश्यकता है, और ये उपाय किए गए हैं; और

जबकि, इलिनॉय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी और होमलैंड सिक्योरिटी कार्यालय को प्राप्त हुई रिपोर्ट के आधार पर, इन तूफानों से प्रभावित समुदायों में स्थानीय संसाधन और क्षमताएं समाप्त हो गई हैं, और गंभीर तूफानों के प्रभावों से निपटने और उनसे उबरने के लिए राज्य संसाधनों की आवश्यकता है; और,

जबकि, ये शर्तें आपदा की उद्घोषणा जारी करने के लिए इलिनॉय आपातकालीन प्रबंधन अधिनियम, 20 आईएलसीएस 3305/7 की धारा 7 के तहत कानूनी औचित्य प्रदान करती हैं।

अब, अतः, इलिनॉय के लोगों और सार्वजनिक स्वास्थ्य व सुरक्षा हेतु उत्तरदायी स्थानीय सरकारों की सहायता के हित में, मैं, जेबी प्रिट्ज़कर (JB Pritzker), इलिनॉय का राज्यपाल (गवर्नर), इसके द्वारा निम्नगत उद्घोषणा करता हूँ:

अनुभाग 1: इलिनॉय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी अधिनियम, 20 ILCS 3305/7 की धारा 7 के प्रावधानों के अनुसार, मुझे लगता है कि इलिनॉय राज्य में आपदा की स्थिति है और मैं विशेष रूप से कोल्स, कुक (शिकागो शहर सहित), एडगर, हैनकॉक, मैकडोनो, मॉर्गन, सांगमोन और वाशिंगटन काउंटी को आपदा क्षेत्र घोषित करता हूं।

अनुभाग 2. इलिनॉय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी और होमलैंड सिक्योरिटी कार्यालय को राज्य आपातकालीन संचालन योजना का कार्यान्वयन जारी रखने का निर्देश दिया गया है, जो कार्य वह 29 जून से कर रहा है, और आपदा पर प्रतित्युत्तर और रिकवरी के कार्यों में स्थानीय सरकारों को सपोर्ट करने के लिए राज्य संसाधनों को समन्वय का निर्देश दिया गया है।

अनुभाग 3. प्रतित्युत्तर के लिए आवश्यक आपातकालीन खरीद और इलिनॉय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी अधिनियम, इलिनॉय खरीद संहिता और इलिनॉय संयुक्त खरीद अधिनियम के प्रावधानों द्वारा अधिकृत अन्य आपातकालीन शक्तियों में सहायता के लिए जो आपदा से निपटने में आवश्यक कार्रवाई को रोकें, बाधा डालें या देरी करें उन्हें उस सीमा तक निलंबित किया जाता है, जहां तक संघीय कानून द्वारा इसकी आवश्यकता न हो।

अनुभाग 4: यह उद्घोषणा संघीय आपदा सहायता के अनुरोधों को सुगम बना सकती है, बशर्ते कि क्षति का पूर्ण व व्यापक आकलन यह इंगित करे कि प्रभावी बहाली राज्य और प्रभावित स्थानीय सरकारों की क्षमताओं से परे है।

अनुभाग 5: यह उद्घोषणा तत्काल प्रभावी होगी और 30 दिनों तक प्रभावी रहेगी।

जे.बी. प्रिट्ज़कर (JB Pritzker)
राज्यपाल (गवर्नर)

दिनांक: 11 जुलाई, 2023